पर्यावरण मित्र
Friends of Environment

Issue#8 October 2010 अंक#८ अक्तूबर, २०१०







Paryavaran Mitra way of wishing

पर्यावरण मित्र द्वारा शुभकामनाएं

INDEX

President's Message..... 03
World Population Day..... 04
World No-Tobacco Day..... 05
World Forestry Day..... 08
Republic Day 60th Anniversary..... 09
Useful Information-Domestic Gas..... 10
Homage to Major Unnikrishnan..... 10
Bio-Farming Training to Farmers..... 11
Training Camp by I.C.T. Project..... 12
Religion & Environment..... 13
Importance of Tree Plantation in Ancient Scriptures..... 14
Paryavaran Mitra Initiatives..... 15
6th Founder's Day Celebrated in Mumbai..... 16
6th Founder's Day Celebrated in Shikohabad..... 21
Turmeric- a medicine..... 22
Awareness Campaigns..... 23
Paryavaran Mitra-Activities & Awareness Campaigns..... 24

विषय सूची

अध्यक्ष का संदेश ०३
विश्व जनसंख्या दिवस..... ०४
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस..... ०५
विश्व वानिकी दिवस..... ०८
गणतंत्र दिवस ६०वीं वर्षगांठ..... ०९
उपयोगी जानकारी – घरेलू गैस..... १०
मेजर उन्नीकृष्णन को श्रद्धांजलि..... १०
किसानों के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण ११
आई.सी.टी. प्रोजेक्ट द्वारा प्रशिक्षण शिविर..... १२
धर्म और पर्यावरण १३
प्राचीन ग्रंथों में वृक्षारोपण का महत्व..... १४
पर्यावरण मित्र पहल १५
मुंबई में ६ठा संस्थापक दिवस समारोह..... १६
शिकोहाबाद में ६ठा संस्थापक दिवस समारोह २१
हल्दी – एक औषधि २२
जागरूकता अभियान २३
पर्यावरण मित्र – गतिविधियां और जागरूकता अभियान... २४

Paryavaran Mitra - Introduction

Continuous degradation of the environment has caused large scale damage, deterioration of physical and mental health, global warming, floods, droughts.

In order to make some efforts to minimize these an NGO - Paryavaran Mitra - was constituted as a society on the 24th September 2004. It has it's headquarters at Shikohabad in Uttar Pradesh.

Our Objective :

Our main objective is to prevent air, water, land and sound pollution. So that we offer a better world to live in for our present and future generations.

पर्यावरण मित्र : परिचय

पर्यावरण में हो रही निरंतर गिरावट से बड़ी संख्या में लोगों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य गिर रहा है, विश्व का तापमान बढ़ रहा है, बाढ़–सूखा आदि का प्रकोप फैल रहा है. इन्हीं कारणों को ध्यान में रखकर ''पर्यावरण मित्र'' का गठन एक गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था के रूप में २४ सितम्बर २००४ को किया गया. इसका मुख्यालय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद नगर में है.

हमारा उद्देश्य :

हमारा प्रमुख उद्देश्य वायु, जल, भूमि तथा ध्वनि के प्रदूषण को रोकना है ताकि हम अपनी वर्तमान तथा भावी पीढ़ी को एक बेहतर धरती सौंप सकें.

President's Address

अध्यक्ष का वक्तव्य

Population explosion is a major cause of most of our environmental problems. But no one wants to address this sensitive issue. As a result, India is bursting at the seams with a billion people and a few million being added every year. They all draw on the country's limited resources of food, energy and space. The solution lies in controlling population and learning to employ, reuse and recycle our resources.

As for environmental pollution, there is a sense of indifference amongst us. Many of us believe that they have immunity from the harmful effects of environmental damage. But the reality is that India is already in the ICU, as far as environment is concerned. It will be suicidal if we don't address this issue now before it is too late.

हमारी पर्यावरण संबंधी अधिकतर समस्याओं का मुख्य कारण है अधिक जनसंख्या. परंतु कोई भी इस संवेदनशील मुद्दे को हल नहीं करना चाहता. परिणामस्वरूप अब भारत एक अरब जनसंख्या और कुछ करोड़ लोगों की प्रतिवर्ष वृद्धि के साथ विस्फोटक आकार ले चुका है. ये सभी देश के सीमित साधनों – आहार, ऊर्जा और जगह को बांट रहे हैं. इसका हल जनसंख्या को नियंत्रित करने, साधनों के पुनर्उपयोग और पुनरावर्तित (रीसायकल) करने में है.

प्रदूषण के मामले में हममें उपेक्षा की भावना है. कई लोग मानते हैं कि पर्यावरण के नुकसान का हम पर कोई असर नहीं पड़ता. जबकि सच्चाई यह है कि जहाँ तक पर्यावरण का सवाल है, भारत 'आई. सी. यू.' में पहुँच चुका है. यदि हम अब ध्यान नहीं देंगे तो यह आत्मघातक होगा.

Kiran Bajaj

किरण बजाज

जनसंख्या जब बढ़ती जाती
प्रकृति और बीमारी प्रकोप दिखाती

छोटा परिवार सन्तुलित आहार
यही है सुख समृद्धि का राज

"We Shall All Get Devastated - If Population is not Reduced" World Population Day

11th July, 2010 on the occasion of World Population Day, posters related to 'World Population Day' were exhibited in places like Main Industrial Market, Bhagirath Place and showrooms of Bajaj Dealers & Vendors. This was done to make people aware of messages like 'With increase in population, there will be outbreak of Natural Calamities', 'Small Family – Happy Family', 'We shall all get devastated – If population is not reduced', 'One Family, One Child'. Posters were displayed in Showrooms of Sudarshan & Sons, Tirupati Electricals, Spectrum Light & Electricals, S. S. Kumar Electricals Pvt. Ltd., Apar India Electrical Company.

''खाक में मिल जायेंगे हम –
अगर जनसंख्या हुई न कम''
विश्व जनसंख्या दिवस

दिनांक ११ जुलाई, २०१० को विश्व जनसंख्या दिवस पर नई दिल्ली के मुख्य औद्योगिक बाजार भागीरथ प्लेस में बजाज के डीलर्स एवं वेन्डर्स के शोरुम पर 'विश्व जनसंख्या दिवस' से सम्बन्धित नारे लिखे पोस्टर यथा – 'जनसंख्या जब बढ़ती जाती, प्रकृति बीमारी प्रकोप दिखाती', 'छोटा परिवार सुखी परिवार', 'खाक में मिल जायेंगे हम, अगर जनसंख्या हुई न कम', 'एक संतान सही सोच' आदि लगाकर जागरुकता फैलाने का प्रयास किया गया. विशेषकर बजाज डीलर्स में सुदर्शन एण्ड संस, तिरुपति इलेक्ट्रिकल्स, स्पेक्ट्रम लाइट एण्ड इलेक्ट्रिकल्स, एम. एस. कुमार इलेक्ट्रिकल्स प्रा. लि., अपर इंडिया इलेक्ट्रिकल कम्पनी आदि के शोरुम पर यह पोस्टर चिपकाये गये.

Message on World Population Day :

Mrs. Kiran Bajaj, President, Paryavaran Mitra, conveyed in her message –

"Increase in population is the main cause of the difficulties of our nation. This happens because of lack of knowledge among people. Land mass is depleting and pollution is on the rise.

What needs to be looked at is, in whatever way, every conscious citizen can contribute at his or her level. If we want to see our country in a happier state, we must take the first step towards, "Population Control."

पर्यावरण मित्र बनें

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बजाज घराने की बहू ने कहा

शिकोहाबाद। स्वतंत्रता दिवस की हम 63वीं वर्षगांठ मनाने रहे हैं, हमें पुरातन संस्कृति को साथ लेकर चलना होगा। तभी सच्चे अर्थों में हम स्वतंत्रता के प्रहरी कहलायेंगे। विकास के लिए नयी विचारधारा रखनी नितान्त आवश्यक है। हमें विकास को प्रकृति के विनाश पर नहीं अपनाना चाहिए। हम अब तक प्रकृति का बहुत नाश कर चुके हैं। इस पर अंकुश लगाये बिना स्वतंत्रता व्यर्थ है। आओ स्वतंत्रता के दिन हम पर्यावरण मित्र बनने का संकल्प लें।

हिंद लैम्प्स परिसर स्थित निज निवास कल्पतरु में विचार व्यक्त करती बजाज घराने की बहू किरन बजाज। Photo-DLA

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रेसवार्ता में ये विचार व्यक्त करते हुए बजाज घराने की बहू किरन बजाज ने हिंद लैम्प्स परिसर स्थित निज निवास कल्पतरु में दिये। उन्होंने कहा कि अब आजाद सोच की जरूरत है। जनसंख्या की अंधाधुंध तरीके से बढ़ोत्तरी रोकनी होगी। तभी हम सीमित संसाधनों का पर्याप्त मात्रा में उपयोग करने की स्थिति में रह सकेंगे। हमें गांधीवादी लीडरशिप की नितांत जरूरत है। तभी भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकेगा।

विश्व जनसंख्या दिवस पर संदेश:

पर्यावरण मित्र की अध्यक्ष श्रीमती किरण बजाज ने अपने संदेश में कहा कि –

''अधिक जनसंख्या ही हमारे देश की मुश्किलों का मुख्य कारण है. आम व्यक्ति में यह जागरुकता न होने के कारण ऐसा हो रहा है.''

जमीन तो कम हो ही रही है और प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है.

देखना यह है कि हममें से प्रत्येक जागरुक नागरिक अपने स्तर पर क्या करें, या करायें. अगर हमारे देश को खुशहाल देखना चाहते हैं तो ''जनसंख्या पर काबू करना'', पहला कदम होना चाहिए.

जनसंख्या कम, वृक्ष अधिक लगाओ
प्रकृति प्रेम और स्वच्छता अपनाओ



अधिक जनसंख्या
अधिक प्रदूषण

World No-Tobacco Day

Paryavaran Mitra and Bajaj Electricals invited Salaam Bombay to jointly observe the World Anti-Tobacco Day on May 31, 2010 at the IMC Auditorium in Mumbai. Salaam Bombay Foundation's mission is to eliminate the threat of tobacco among children and empower them to become confident adults. They have reached over 3 million children since 2002 under this programme.

Shekhar Bajaj, CMD, Bajaj Electricals, welcomed the guests and termed the event as "perhaps the most significant meeting of our lives." Amid loud applause, he sought commitment from each member of Bajaj Electricals to make at least 5 individuals quit the use of tobacco.

President Kiran Bajaj addressing the audience.
श्रोताओं को संबोधित करती अध्यक्ष किरण बजाज.

In her opening remarks, President of Paryavaran Mitra, Kiran Bajaj said, "The poison of tobacco can't be mitigated by observing just one day in a year as No Tobacco Day."

Raising a few candid questions in this context she said, " When it is a common knowledge as to the disastrous effects of tobacco not only on the users but also the family and the loved ones, why should its production be allowed; and if the production

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

पर्यावरण मित्र और बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने मुम्बई के आईएमसी ऑडिटोरियम में ३१ मई २०१० को विश्व गैर–तंबाकू दिवस एकजुट होकर मनाने के लिए सलाम बॉम्बे को आमंत्रित किया. सलाम बॉम्बे फाउंडेशन का लक्ष्य सभी बच्चों के जीवन से तंबाकू का खतरा दूर करना और उनको आत्मविश्वासी वयस्क बनने की योग्यता प्रदान करना है. वे २००२ से अब तक ३० लाख बच्चों तक पहुँच चुके हैं.

बजाज इलेक्ट्रिल्स के सीएमडी, शेखर बजाज ने अतिथियों का स्वागत किया और समारोह को ''शायद मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण सभा'' माना. तालियों की गड़गड़ाहट के बीच, उन्होंने बजाज इलेक्ट्रिकल्स के हर सदस्य से कम से कम ५ व्यक्तियों को तंबाकू का सेवन छुड़ाने के लिए प्रेरित करने का वचन लिया.

अपनी शुरूआती टिप्पणी में, पर्यावरण मित्र की अध्यक्ष, किरण बजाज ने कहा,''तंबाकू के जहर को साल में एक दिन गैर तंबाकू दिवस मनाकर खत्म नहीं किया जा सकता.''

इस संदर्भ में कुछ स्पष्ट प्रश्न उठाते हुए उन्होंने कहा,''जब सबको तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्ति के साथ–साथ उसके परिवार जनों पर होने वाले दुष्परिणामों के बारे में मालूम है, तो उसके उत्पादन की अनुमति क्यों दी जानी चाहिए; और यदि इसका उत्पादन होता है, तो इसकी खुली बिक्री क्यों की जानी चाहिए.''

अपनी बात खत्म करते हुए उन्होंने 'एक' की ताकत पर ज़ोर दिया और कहा कि हम सभी को टीचर के रूप में, डॉक्टर के रूप में, अभिभावक के

तम्बाकू छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो : डॉ रजनी

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव से लोगों को किया आगाह

हिन्दुस्तान संवाद
शिकोहाबाद

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर नगर को तम्बाकू मुक्त बनाने के उद्देश्य से ज्ञानदीप सीसेकेण्डरी पब्लिक स्कूल, पर्यावरण मित्र, जमनालाल बजाज फाउण्डेशन, ज्ञानदीप सी. सेके पब्लिक स्कूल एवं गायत्री शक्ति पीठ के संयुक्त तत्वावधान में दृश्य श्रव्य माध्यमों से तम्बाकू के खिलाफ हम नामक लघु वृत्त चित्र एवं तम्बाकू छोड़ने के उपायों पर बनी स्लाइड का प्रदर्शन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र,छात्राओं शिक्षकों एवं आसपास के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं स्वंय तथा अपने परिवार को इस जहर से दूर रखने की शपथ ली। इस अवसर पर ज्ञानदीप स्कूल की निदेशिका डा.रजनी यादव ने तम्बाकू की बुराइयों एवं उसके दुष्प्रभावों से उपस्थित लोगों को जगाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के सेवन से प्रतिदिन 2500 लोग काल की गाल में चले जाते हैं।

उन्होने कहा कि शराब के स्थान पर हमें पानी का सेवन करना चाहिए इससे न कोई बीमार पड़ता है, न कर्जदार होता है और न उसकी पत्नी विधवा होती है। डा यादव ने किरण बजाज को धन्यवाद देते हुये कहा कि यहाँ से दूर होते हुये भी शिकोहाबाद का दर्द उन्हें सताता रहता है और उनके आदेश पर अच्छे कार्यकर्ता दिन रात तम्बाकू छुड़वाने के लिए प्रयासरत है।

ज्ञानदीप स्कूल की शिक्षिका ने इस अवसर पर अपना दर्द व्यक्त करते हुये कहा कि वह इस जहर के दुष्प्रभावों का सामना कर चुकी है। इस अवसर पर तम्बाकू को छोड़ने के लिए पर्यावरण मित्र संस्था के कार्यकर्ताओं ने पम्फलेट भी बांटा। जिसमें सुझाव गये उपायों को अपनाकर कोई भी तम्बाकू को छोड सकता है। चारों संस्थाओं का यह प्रयास 5 जून तक चलेगा। जिसके अन्तर्गत

तंबाकू विरोधी व्याख्यान में इसके दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। • हिन्दुस्तान

जागरुकता

- पर्यावरण मित्र संस्था ने पम्फलेट बांट तम्बाकू सेवन के खतरे बताए

शिकोहाबाद क्षेत्र के ग्राम टैछापुर, गुढ़ा, नसीरपुर, फतेहपुर कर्खा, समुहा, हरिया सहित अन्य गाँव में दिखाया जायेगा। साथ ही सिरसागंज में भी यह अभियान चलता रहेगा।

पर्यावरण मित्र की तरफ से शहर के मुख्य स्थानों पर तम्बाकू के दुष्प्रभावों को दर्शाने वाले पोस्टर भी लगाये गये जा रहे है। पर्यावरण मित्र व जमनालाल बजाज फाउन्डेशन ने शहर की अन्य संस्थाओं से भी अपील की है वे समाज को इस कोढ़ से मुक्त कराने की दिशा में पर्यावरण मित्र, जमनालाल बजाज फाउन्डेशन एवं सर्वोदय शिक्षा सदन समिति से जुड़कर अपना योगदान दें।

happens, why should its open sale be allowed."

In conclusion, she underlined the power of 'one' and said "We all should start actively addressing the issue at individual levels- as a teacher, a doctor, a parent. And collectively we could bring pressure on the government and others who are perpetuating the menace."

Ajay Pilankar, representing Salaam Bombay Foundation made an audio visual presentation. Their key projects include Super Army, Advocacy Programme, Sports against Tobacco, Art against Tobacco.

Tobacco addiction happens as a result of low self-esteem, lack of will power and inability to deal with peer pressure. The Foundation made a strong view point that tobacco usage is the primary cause of cancer of various body parts. All those present agreed with their contention that considering the all round miseries and death inflicted, the menace has to be dealt with at par with 'terrorism'.

The programme concluded with extensive participation from the floor.

रूप में–व्यक्तिगत स्तर पर मुद्दे पर सक्रियता से विचार करने की जरूरत है. और एकजुट होकर हम सरकार और इस संकट को चिरस्थायी बनाने वाले लोगों पर दबाव डाल सकते हैं.

सलाम बॉम्बे फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व करने वाले अजय पिलनकर ने एक ऑडियो विज़ुअल प्रेज़ेन्टेशन प्रस्तुत की. उनकी प्रमुख परियोजनाओं में सुपर आर्मी, एडवोकेसी प्रोग्राम, स्पोर्ट्स एगेन्स्ट टोबैको, आर्ट्स अगेन्स्ट टोबैको शामिल हैं.

सभी को इस बात से अवगत कराया गया कि तंबाकू की लत आत्मबल की कमी, अस्वीकृत करने की योग्यताओं की कमी और समकक्षी दबाव से निपटने की अक्षमता के कारण पड़ती है. इस बात पर खास तौर से ज़ोर दिया गया कि शरीर के विभिन्न अंगों के कैंसर के पीछे तंबाकू का सेवन बहुत बड़ा कारण है. वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने यह बात स्वीकार की कि, तंबाकू से जुड़ी समूची समस्याओं और मृत्यु की वजह से, इसके साथ 'आतंकवाद' के स्तर पर निपटना होगा.

लोगों की व्यापक सहभागिता के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ.

Thematic decoration of the event.
समारोह की विषय के मुताबिक सजावट.

CMD Shekhar Bajaj welcoming the guests.
मेहमानों का स्वागत करते सीएमडी शेखर बजाज.

Ajay Pilankar of Salaam Bombay making a presentation.
सलाम बॉम्बे के अजय पिलानकर प्रस्तुतिकरण देते हुए.

The audience listening in rapt attention.
दर्शकगण.

World No-Tobacco Day

31st May 2010, New Delhi - On the occasion of Anti - Tobacco Day, with the purpose of providing information on the dangers and harmful effects of tobacco to the masses, posters were placed at public places by Paryavaran Mitra. People were encouraged to give up the habit of tobacco, gutkha and cigarettes. They were educated about the dangers caused by tobacco and pamphlets were distributed providing suggestions for giving up tobacco.

Amber Nag, R. C. Srivastava, Bhupinder Singh, Girish Kumar and Surjit Singh and others provided active co-operation for making this awareness programme a grand success.

Adverse results caused by Tobacco were publicised through the villages.

तम्बाकू से होने वाले परिणामों को गांवों में घुमाकर कुछ इस तरह प्रदर्शित किया गया.

Harmful Effects of Tobacco :

- Wrinkles on face, weakened body, low immunity levels and fragile bones .
- Brain – Owing to the impact of Nicotine, mental functions slow down and thinking abilities are reduced.
- Eyes – Irritation, lachrymation in the eyes takes place and dark circles are formed under the eyes.
- Cancer of mouth, larynx, lungs, throat, oesophagus, urinary bladder, kidney, nose, cervix may occur.
- In India, 40 percent cases of Cancer are caused by tobacco.
- Bad smell in hair, mouth & clothes.
- Tooth problems – Teeth rot, develop yellowish tint. The gums too, become weak and are damaged due to tobacco and may bleed.
- Nose – Ability to smell gets eroded.
- Hand – The fingers & nails get singed due to cigarettes & dark spots get developed under them.

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

दिनांक ३१ मई, २०१०, नई दिल्ली. तम्बाकू निषेध दिवस पर पर्यावरण मित्र द्वारा जन सामान्य को तम्बाकू से होने वाले खतरों एवं उसके भयंकर परिणामों को समझाने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाकर लोगों को तम्बाकू, गुटखा एवं सिगरेट छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया. उन्हें तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया गया साथ ही तम्बाकू छोड़ने हेतु सुझाव सम्बन्धी पम्फलेट का भी वितरण किया गया.

इस जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अम्बर नाग, श्री आर.सी. श्रीवास्तव, श्री भूपिन्दर सिंह, श्री गिरीश कुमार एवं श्री सुरजीत सिंह आदि ने सक्रिय सहयोग दिया.

तम्बाकू से होने वाली बीमारियाँः

- चेहरे पर झुर्रियाँ पड़ जाती हैं, शरीर अशक्त हो जाता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता में बेहद कमी आ जाती है व हड्डियाँ कमजोर हो जाती हैं.
- मस्तिष्क : निकोटीन के प्रभाव के कारण मस्तिष्क का कार्य धीमी गति से चलने लगता है, विचार करने की क्षमता में कमी होने लगती है व चित्त को एकाग्र करने में कठिनाई होती है.
- आँख : आँखों में जलन महसूस होती है, आँखों से पानी आता है, आँखों के नीचे काले दायरे बन जाते हैं.
- मुँह, स्वरयन्त्र, फेफड़े, गला, अन्ननलिका, मूत्राशय, मूत्रपिंड, नाक, पेट, गर्भाशय के मुख का कैन्सर हो जाता है.
- भारत में ४० प्रतिशत कैन्सर तम्बाकू के सेवन से होता है.
- बालों में दुर्गन्ध, मुँह में दुर्गन्ध.
- दाँतो की समस्या : दाँत सड़ जाते हैं, दाँतों पर पीले रंग के दाग पड़ जाते हैं. तम्बाकू के कारण मसूड़े कमजोर, क्षतिग्रस्त होते हैं.
- नाक : सूंघने की क्षमता में कमी आती है.
- हाथ : सिगरेट सेवन करने से हाथों की अंगुलियाँ झुलस कर, उन पर काले धब्बे पड़ जाते हैं.

Initiation of Green Strip on World Forestry Day

Under the joint auspices of Paryavaran Mitra, Narayan College, Shikohabad and Allahabad Bank, a green strip was inaugurated in front of Narayan Colllege.

The vacant piece of land lying opposite Narayan College, was an eyesore for people all around. Hence Paryavaran Mitra, Narayan College and Allahabad Bank jointly decided to convert this useless piece of land into a beautiful green park.

Other than getting soil dumped on the vacant plot, green grass and different types of plants, a hedge was also erected around the park by Paryavaran Mitra. Erection of barbed wire fencing as well as, arrangement for water and cleanliness was made by Narayan College and Allahabad Bank.

On the occasion of the World Forestry Day on 21st March 2010, this park was inaugurated and was named as "Narayan Park".

Dr. J S P Dwivedi addressing the gathering and dignitaries on the dais.
संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते डा. जेएसपी द्विवेदी एवं मंचासीन गणमान्य.

Dignitaries and volunteers at the Inauguration of the Park.
नारायण उद्यान के शुभारम्भ में उपस्थित गणमान्य एवं कार्यकर्ता.

Organic Forestry Protection, Shikohabad
जैविक वन संरक्षण, शिकोहाबाद

विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर हरित पट्टी का शुभारम्भ

पर्यावरण मित्र, नारायण महाविद्यालय, शिकोहाबाद एवं इलाहाबाद बैंक के संयुक्त तत्वावधान में नारायण महाविद्यालय के सामने एक हरित पट्टी का उद्घाटन किया गया.

शिकोहाबाद के मुख्य द्वार पर बने नारायण महाविद्यालय के सामने पड़ी खाली जमीन पर गंदगी का बसेरा था, जो सबकी आँखों में खटकता था. अतः पर्यावरण मित्र द्वारा नारायण महाविद्यालय व इलाहाबाद बैंक के सहयोग से उस बेकार जगह को सुन्दर पार्क में बदलने का संकल्प लिया गया.

पर्यावरण मित्र द्वारा उस खाली पड़ी जमीन पर मिट्टी डलवाने के उपरान्त हरी घास व विभिन्न प्रजातियों के पौधे एवं पार्क के चारों तरफ बाड़ लगाई गयी. नारायण महाविद्यालय व इलाहाबाद बैंक द्वारा पार्क के चारों तरफ पार्क की सुरक्षा हेतु कटीले तारों की बाड़ लगाई गई और सफाई व पानी का प्रबन्ध किया गया.

२१ मार्च २०१० को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर इस पार्क का उद्घाटन किया गया तथा पार्क का नाम रखा गया "नारायण उद्यान".

Republic Day - 60th Anniversary
National Integration and Goodwill March - School/College contact programs.

Head Masters, Teachers & Directors participating at the Goodwill March.
सद्भावना रैली में शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षक व निदेशक.

On 29 January 2010, at Shikohabad, Paryavaran Mitra and various schools of Shikohabad organised a rally from Madhoganj to Narayan College, Shikohabad. The enthusiasm exhibited by the students and teachers, as well as, the head masters was a sight to behold.

On the conclusion of the march, Dr. O. P. Singh, Principal of Paliwal Degree College said that, efforts made by Paryavaran Mitra, to let the common masses understand the problems being faced in using energy in the right direction of nation building, is highly appreciated.

A scene of the Goodwill March.
सद्भावना रैली का एक दृश्य.

गणतन्त्र दिवस–६०वीं वर्षगांठ
राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना पद–यात्रा

शिकोहाबाद में दिनांक २९ जनवरी २०१० को पर्यावरण मित्र, शब्दम् व शिकोहाबाद के विभिन्न स्कूलों के सहयोग से एक भव्य रैली का आयोजन माधौगंज से नारायण कालेज, शिकोहाबाद तक किया गया. इस पद यात्रा में छात्र–छात्राओं और शिक्षक एवं प्राचार्यों का उत्साह देखते ही बनता था.

पद–यात्रा के समापन पर पालीवाल डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. ओ.पी. सिंह ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में प्रयोग करने एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में आ रही समस्याओं से आम जनता को अवगत कराने के लिए पर्यावरण मित्र द्वारा किये जा रहे प्रयास प्रशंसनीय है.

Useful Information about LPG (Domestic Gas) Cylinder:

1. While taking delivery of cylinder, the delivery boy must be asked to check the regulator himself.
2. In case of any sort of leakage in a cylinder, the dealer must be immediately contacted.
3. In case a fire breaks out in a cylinder due to any reason, electrical switches in the kitchen should not be switched ON or OFF.
4. The cylinder must be very carefully taken outside.
5. A wet blanket must be wrapped on the mouth of the cylinder.
6. The regulator must be turned OFF before retiring to bed at night.
7. Some people believe that, when a gas cylinder gets exhausted, by laying in flat on the ground, complete gas could be utilized, but that is not correct. By doing so, the residual dirt lying at the bottom of the cylinder is likely to enter the pipe and spoil the Burner.
8. The Burner must always be kept at a height above the cylinder.

रसोई गैस से सम्बन्धित उपयोगी बातें :

१. जब भी सिलेण्डर लें, डिलेवरी बॉय से रेगुलेटर की जाँच करने को कहें.
२. सिलेण्डर में किसी भी प्रकार का रिसाव होने पर तुरन्त डीलर से सम्पर्क करना चाहिए.
३. यदि सिलेण्डर में किसी कारण आग लग जाती है तो रसोई के स्विच को ऑन या ऑफ नहीं करना चाहिए.
४. सिलेण्डर को बडी ही सावधानी से बाहर निकाल देना चाहिए.
५. सिलेण्डर मुँह पर गीला कम्बल डाल देना चाहिए.
६. रात को रेगुलेटर का बटन बन्द करके सोना चाहिए.
७. कुछ लोगों का मानना है कि सिलेण्डर के खत्म होने पर उसे लिटा देने से पूरी गैस का प्रयोग हो जाता है परन्तु ऐसा नहीं है. इससे नीचे बची हुयी गन्दगी पाइप के सहारे आकर चुल्हे को खराब कर सकती है.
८. चुल्हे को हमेशा सिलेण्डर से ऊपर रख कर प्रयोग करना चाहिए.

One touch of nature makes the whole world kin.

- William Shakespeare

Paryavaran Mitra Offered Homage to the Martyrdom of Major Sandeep Unnikrishnan

Paryavaran Mitra paid homage and threw open a garden in the Hind Complex in memory of Major Sandeep Unnikrishnan, the Ashok Chakra (Posthumous) awardee, who, on 27 November 2008, laid down his life while protecting the lives of innocent people during the terrorist attack in Mumbai. The garden was inaugurated by Smt. Dhanlakshmi and Shri K. Unnikrishnan parents of the martyr.

The parents inaugurated the Tree Plantation programme by planting two saplings of Jamun. Shri Hiralal Yadav, who came with Shri K. Unnikrishnan and others planted saplings on this occasion.

Garden dedicated to the memory of Martyr Maj. Unnikrishnan
शहीद मे. उन्नीकृष्णन की स्मृति में उद्यान

मेजर संदिप उन्नीकृष्णन की शहादत को पर्यावरण मित्र की श्रद्धांजलि

पर्यावरण मित्र ने २७ नवम्बर, २००८ में मुम्बई में हुये आतंकवादी हमले में निर्दोष जनता को बचाते हुये अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अशोक चक्र सेसम्मानित मेजर संदिप उन्नीकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हिन्द परिसर में एक उद्यान का निर्माण किया गया. जिसका उद्घाटन २५ सितम्बर, २०१० को उनके माता–पिता श्रीमती धनलक्ष्मी एवं श्री के. उन्नीकृष्णन ने किया.

उन्नीकृष्णन दम्पत्ति ने जामुन के दो पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का प्रारम्भ किया. श्री. के. उन्नीकृष्णन के साथ आये श्री हीरा लाल यादव एवं अन्य लोगों ने भी इस अवसर पर पौधों का रोपण किया.

Bio-Farming Training for Farmers

On the occasion of World Earth Day, Bio-farming Training was provided to the farmers by Paryavaran Mitra at Abbaspur Village on 22nd April 2010 and 25th June 2010 at Village Council in Datai, Etah.

Bio-farming Training Programme was organised, and the Chief Guest was Kedarnath Sachan, a leading guide to the farmers community.

Chief Guest, Sachan began with the narration of an ancient legend. He laid great emphasis on cow-dung and also explained about farming methods practiced in the era of Lord Shree Krishna. Sachan explained in great detail the benefits of farming using dung.

Around 150 farmers participated in the programme.

Apart from this, under the aegis of Paryavaran Mitra and Village Council, Datai, Etah, a Seminar for farmers was organised on 25th June 2010. Agricultural scientists inspired farmers for bio-farming and provided information on newer techniques of farming. They advised them to get the soil of their farms tested before the onset of monsoon and produce crops on the basis of its reports.

Soil Testing Programme

Paryavaran Mitra organised a seminar on testing of the soils of the forest, farms and vegetable growing areas preserved within the Hind Complex. Villagers from nearby villages - Berai, Badhaipura, Dahini, Mewali, Fatehpur Karkha, Bariyar Mau, Bakalpur were encouraged to get the soil of their farms tested too on this occassion.

The farmers, who got the soil of their farms tested were Ramprakash, Mansinh, Anirudhh Singh, Surendra, Ramswarup, Ramniwas, Rahul, Ram Bharosi Lal, Kuldip, Rajendra, Fulan Singh, Kunwar Pal, Pramod, Rajpal Singh, Ramesh Chandra, Jitendra Singh, Ashish Kumar, Mohar Singh and Jay Prakash.

किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण

२२ अप्रैल २०१० को विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्राम अब्बासपुर व २५ जून, २०१० को ग्राम सभा दतई, एटा में पर्यावरण मित्र द्वारा किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया.

अब्बासपुर के किसानों को जैविक कृषि से जोड़ने के प्रयास के अन्तर्गत जैविक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि किसानों के मार्गदर्शक श्री केदारनाथ सचान थे.

मुख्य अतिथि श्री सचान ने वार्ता को पौराणिक कथा से प्रारम्भ किया. उन्होंने गोबर धन पर विशेष बल दिया और भगवान श्रीकृष्ण के समय में हो रही खेती के बारे में बताया. श्री सचान ने गोबर द्वारा खेती करने की उपयोगिता के बारे में विस्तार से समझाया.

१५० की संख्या में किसानों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया.

साथ ही दिनांक २५ जून २०१० को पर्यावरण मित्र व ग्राम सभा दतई, एटा के संयुक्त तत्तवावधान में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमें एटा जिले के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया व उन्हें खेती की नई तकनीक की जानकारी दी. वर्षा ऋतु आने से पूर्व अपने खेतों की मिट्टी परीक्षण जाँच व उसकी रिपोर्ट के आधार पर फसलों की पैदावार करने की सलाह दी.

मिट्टी परीक्षण का आयोजन

पर्यावरण मित्र द्वारा हिन्द परिसर में संरक्षित वनों, खेतों व सब्जी क्षेत्र की भूमि की जाँच कराई गई. साथ ही आस–पास के गाँव बैरई, बढ़ाईपुरा, डाहिनी, मेवली, फतेहपुर कर्खा, बरियार मउ, बाकलपुर में लोगों को प्रोत्साहित कर उनके खेतों की मिट्टी की जाँच कराई गई.

मृदा परीक्षण कराने वाले किसानों में रामप्रकाश, मानसिंह, अनिरुद्ध सिंह, सुरेन्द्र, रामस्वरुप, रामनिवास, राहुल, राम भरोसी लाल, कुलदीप, राजेन्द्र, फूलन सिंह, कुंवर पाल, प्रमोद, राजपाल सिंह, रमेश चन्द्र, जितेन्द्र सिंह, आशीष कुमार, मोहर सिंह, जय प्रकाश प्रमुख हैं.

Organic Farming, Shikohabad
जैविक कृषि (खेती), शिकोहाबाद

Organic Manure Project, Shikohabad
जैविक खाद प्रकल्प, शिकोहाबाद

Biological Nursery, Shikohabad
जैविक नर्सरी, शिकोहाबाद

Focus Group Training Camp initiative by I. C. T. Project and Paryavaran Mitra

Under the joint auspices of I. C. T. (Information and Communication Technologies) Project and Paryavaran Mitra 17th June, 2010, in Shikohabad, a Training Camp was organised. Here, subjects like using Organic and Organism Fertilisers for Soil Health, Protecting Seeds From Toxicity, Adverse Impact of Chemical Medicines and Chemical Fertilisers on Human Body, Using Organic and Organism Fertilisers for Less Investment and Increased Production in Agriculture for Resolving Food Crisis, Elixir-Like Use of Organic and Organism Fertilisers for Maintenance of Soil Health, Soil and Seeds Treatment Using Organic Methods, were discussed. Those present included Development Block-in-Charge, I. C. T.-District-in-Charge, I.C.T.-Divisional in-Charge, I.C.T. - Assistant Project Manager, I.C.T.- Regional Convener, ICT and A. K. Athaiyya, Regional Convener.

A farmer welcoming ICT Divisional in-charge with presentation of Green Urn.
हरित कलश भेंट कर आईसीटी के मण्डल प्रभारी का स्वागत करता एक किसान.

आईसीटी परियोजना एवं पर्यावरण मित्र के सहयोग से फोकस ग्रुप प्रशिक्षण शिविर

दिनांक १७ जून, २०१० को प्रातः ११ बजे से दोपहर ३ बजे तक शिकोहाबाद में 'आईसीटी (तकनीकी के माध्यम से सूचना संचार) परियोजना' एवं पर्यावरण मित्र के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें मृदा स्वास्थ्य एवं बीज को जहरीलेपन से बचाव हेतु जैविक एवं जीवांश ऊर्वरकों का प्रयोग, रासायनिक दवा व रासायनिक ऊर्वरकों का मानव शरीर पर कुप्रभाव, खाद्यान्न समस्या समाधान हेतु कृषि में कम लागत व अधिक उत्पादन हेतु जैविक एवं जीवांश उर्वरकों का प्रयोग, पर्यावरण का मानव जीवन में कुपोषण से बचाव में जीवांश ऊर्वरकों व कृषि तकनीक का पूर्ण सहयोग, मृदा स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए जैविक जीवांश खाद का अमृत पान जैसा प्रयोग, जैविक विधि से भूमि व बीज शोधन क्रिया आदि विषयों पर चर्चा की गर्ल. इसमें विकास खण्ड प्रभारी, आईसीटी, जिला प्रभारी, आईसीटी, मण्डल प्रभारी, आईसीटी, सहायक परियोजना प्रबन्धक, आईसीटी क्षेत्रीय समन्वयक, आईसीटी व ए.के. अथैया, क्षेत्रीय समन्वयक उपस्थित थे.

Organic Vegetable Production, Shikohabad
जैविक सब्जी उत्पादन, शिकोहाबाद

Religion & Environment :
Bhagwat Katha Mahayagya is Incomplete Without Environment Protection

During Bhagwat Katha, environment exhibitions are organised every year by Paryavaran Mitra. Its purpose is to evoke love for nature similar to religious fervour in people. This year an exhibition had been organised during Bhagwat Katha of Bhagwat Bhaskar Shri Krishna Chandraji Shastri 'Thakurji' at Ferozabad (U. P.) and New Delhi.

In this exhibition, various plants like Aloe Vera, Basil, decorative plants, Nob Zia, Cochia, Cycus Palm, Darsina Red and Green etc. were exhibited by Paryavaran Mitra for environment conservation. Besides this, an Environment Conservation Campaign was also done with an intention to connect with the masses. A sale of plants, T-shirts, caps, jute bags and organic fertilisers was conducted.

"Govardhan Mountain, banks of the river Kalindi, environment lover," orator Shri Thakurji emphasised that all this looks enchantingly beautiful, because they are full of vegetation. The legends of Shree Krishna are incomplete with the beauty of the environment." After that, Shri Thakurji visited the Environment Exhibition and put down his thoughts in the Suggestion Book.

Shri Krishna Chand Ji Shastri 'Thakurji' observing the Exhibition at Moti Baug, New Delhi.

मोती बाग, नई दिल्ली में प्रदर्शनी का अवलोकन करते श्रीकृष्ण चन्द्र जी शास्त्री 'ठाकुरजी'.

धर्म और पर्यावरण:
पर्यावरण सरंक्षण बिना अपूर्ण है भागवत् कथा महायज्ञ

पर्यावरण मित्र द्वारा भागवत् कथाओं में पर्यावरण प्रदर्शनी लगाई जाती है. जिसका उद्देश लोगों में धर्म के प्रति आस्था के अनुरुप ही प्रकृति के प्रति प्रेम को जगाना है. इस वर्ष पर्यावरण मित्र द्वारा भागवत् भास्कर श्रीकृष्ण चन्द्र जी शास्त्री 'ठाकुर जी' की भागवत् कथाओं में फिरोजाबाद (उ.प्र.) एवं नई दिल्ली में प्रदर्शनी लगाई गई.

प्रदर्शनी में पर्यावरण मित्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न प्रजातियों के औषधीय पौधे यथा ग्वारपाठा, तुलसी, शोभाकारी पौधे बेला, नौबजिया, कोचिया, साइकस पाम, डरसीना लाल एवं हरा इत्यादि प्रजाति के पौधों को रखा गया. साथ ही पर्यावरण संरक्षण अभियान से आम जन को जोड़ने के लिए इस स्टाल पर लागत मूल्य पर पौधों के साथ-साथ, टी-शर्ट, कैप, जूट बैग एवं जैविक खाद का विक्रय किया गया.

''पर्यावरण प्रेमी कथावाचक श्री ठाकुर जी ने भी अपनी कथा में गोवर्धन पर्वत, कालिन्दी के किनारों का वर्णन करते हुए कहा कि यह सब तभी शोभनीय हैं जब यहाँ वृक्ष हैं. बिना पर्यावरण सौन्दर्य के कृष्ण कथा अधूरी है.'' तत्पश्चात् श्री ठाकुर जी ने भी पर्यावरण प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सुझाव पुस्तिका में अपने विचार भी लिखे.

What's the use of a fine house if you haven't got a tolerable planet to put it on?

- Henry David Thoreau

Importance of Tree Plantation in Ancient Indian Scriptures

प्राचीन पुराणों में वृक्षारोपण का महत्व

Rigveda is the most ancient treatise of the Indian culture, in which reference of tender leaves of trees while performing any auspicious work has been indicated.

